लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 120, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार 17 मार्च 2024

PAGE NO 5 : MIDDLE

फाइनल में पहुंची साई क्रिकेट एकेडमी और हल्द्वानी क्रिकेटर्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को हुए सेमीफाइनल

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को सेमीफाइनल मैच हुए। इसमें साई क्रिकेट एकेडमी और हल्द्वानी क्रिकेट ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों के बीच फाइनल मैच सोमवार को खेला जाएगा।

पहले सेमीफाइनल में साई क्रिकेट एकेडमी के कप्तान शुभम उपाध्याय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और छह विकेट खोकर 20 ओवर में 170 रन बनाए।

जवाब में आईके कलेक्शन के सभी खिलाड़ी 18.3 ओवर में 138 रन बना सके और साई क्रिकेट एकेडमी ने 32 रन से जीत हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस किंग्स के कप्तान अनंत भटनागर ने ने टॉस जीत कर हल्द्वानी क्रिकेटर्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया।

हल्द्वानी की टीम ने सभी विकेट खोकर 176 रन बनाए। एसआरएमएस किंग्स टीम 20 ओवर में 150 रन ही बना सकी। हल्द्वानी क्रिकेट ने 26 रन से मैच जीता। आईके कलेक्शन के हिमांशु बालियान और हल्द्वानी क्रिकेटर्स के सागर रावत को मैन आफ द मैच चुना गया।